राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक :प.8 (सा.प्रो') अकाद/आकशि/2018/ 68 दिनांक : 18/06/21

समस्त प्राचार्य,
राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय :—**राष्ट्रपिता महात्मागांधी की 150वी जयन्ती समारोह एवं स्वतंत्रता दिवस के वर्षगांठ के संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों एवं निकायों में 21 जून, 2021 से वृक्षारोपण आरम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150वी जयन्ती समारोह वर्ष के अंतर्गत इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 जून, 2021 से सघन वृक्षारोपण आरंभ किया जाना अपेक्षित है। वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधनों के लगातार दोहन एवं पेड पौधों की कमी से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिये महाविद्यालयों में पर्यावरण एवं प्राकृतिक सौंदर्यकरण को बनाये रखने के लिये संस्थानों में 21 जून, 2021 से 02 अक्टूबर, 2021 तक वृक्षारोपण अभियान के तहत् अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना है।

वृक्षारोपण का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझ पैदा करना, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना, वातावरण को स्वच्छ बनाना तथा प्रकृति के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाना है तथा वर्तमान में कोविड–19 महामारी के परिपेक्ष्य में भरपूर ऑक्सीजन की उपलब्धता को सुनिश्चित करने, पर्यावरण को शुद्व करने में सहयोग प्रदान करना है।

इस हेतु संस्थान को निम्न कार्य किये जाने है :–

1. संस्थान में जल एवं भूमि की उपलब्धता के अनुसार मानसून से पूर्व वृक्षारोपण/किचन गार्डन तैयार कराया जावे।
2. परिसर साफ–सुथरा रहें एवं परिसर में पेड–पौधें लगाये जाकर संस्थान को सुंदर बनाया जावें।
3. संस्थान में प्रवेशित छात्र/छात्राओं अधिकारीगणों तथा स्टाफ के सहयोग से अधिकतम छायादार/फलदार पेड लगवाया जाये।
4. पेड की सुरक्षा हेतु लोहे की जाली कांटेदार बाड/सुरक्षा कवच को लगाया जावें।
5. लगाये गये पेड–पौधों की देखरेख, सुरक्षा, रख–रखाव की जिम्मेदारी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को सामूहिक रूप से दी जावे तथा इसकी निगरानी स्टॉफ द्वारा सक्रियता से सुनिश्चित की जावे।
6. परिसर में या इसके आस–पास पॉलिथिन, पॉलिथिन बैग का प्रयोग नहीं किया जावे।

अतः समस्त राजकीय महाविद्यालयों में वृक्षारोपण /सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें तथा इसकी प्रगति रिपोर्ट संयुक्त निदेशक, अकादमिक की ई मेल jdacad1960@gmail.com पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(संदेश नायक)
आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांक :प.8 (सा.प्रो') अकाद/आकशि/2018/ 68 दिनांक : 18/06/21

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
3. अतिरिक्त निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।

(डॉ0 सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक, (अकादमिक)